## रातामाटी में घर में घुसकर दंपति से मारपीट

### दुकान से नकदी लूटी, कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत झोतेश्वर चौकी के ग्राम रातामाटी में एक परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है।

ग्राम राता माटी का बताया जा रहा है जहां पर देवकी बाई चौधरी पति धनीराम चौधरी निवासी रातामाटी के साथ ग्राम के मुन्ना लाल ठाकुर,बसंत ठाकुर,पंचम ठाकुर,शीला बाई,रेवता बाई ठाकुर सभी निवासी ग्राम रातामाटी झोतेश्वर चौकी थाना गोटेगांव द्वारा घर में घुसकर देवकी बाई और उनके पति धनीराम चौधरी के साथ जमकर मारपीट की।

इस घटना में घायल के लड़के ने बताया कि घर में लगी दुकान से नगद राशि एवं जेवर लूटपाट कर ले गए, पीड़ित परिवार जहां इस घटना से भयभीत है और झौतेशवर चौकी में शिकायत दर्ज कराई है।



पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु गोटेगांव अस्पताल भेजा है जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखकर जिला अस्पताल नरसिंहपुर के रिफर कर दिया गया है। प्राप्त सूचना अनुसार पुलिस द्वारा धारा 296,115,3(5),331,118 के तहत मामला दर्ज किया है दूसरी ओर इस घटना से जुड़े दो वीडियो भी वायरल हुई जिसमें आरोपियों द्वारा घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की जा रही है। इस संबंध में सिलावट समाज संगठन मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा मामले का संज्ञान लेकर एसडीओपी भावना मरावी के नाम ज्ञापन सौप कर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

**इनका कहना है -**

आरोपियों ने घर में घुसकर मेरी मेरी मम्मी देवकी बाई पापा धनीराम चौधरी के साथ मारपीट की और दुकान में रखा कैश और जेवर लूटकर ले गए

**सूरज चौधरी**

घायल महिला का पुत्र

मामला रातामाटी के गांव का है जहां कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें नियम अनुसार कार्यवाही की जा रही।

**दलीप सिंह**

झौतेशवर चौकी प्रभारी

## नियम विरूद्ध डीजे बजाने को लेकर चार लोगों पर मामला दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस द्वारा डीजे संचालकों को माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं मध्यप्रदेश. शासन के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए थे, ताकि डी.जे. के अत्यधिक शोर से बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े साथ ही इससे कानून-व्यवस्था और सुरक्षा प्रयासों में भी बाधा उत्पन्न न हो।



थाना गाडरवारा क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त नियमों का पालन न करते हुए तेज आवाज़ में डी.जे. का संचालन कर आम जनता को क्षोभ कारित करने वाले संचालक शिवम पिता रामचरण कुशवाहा, उम्र 25 वर्ष, निवासी जगदीश वार्ड गाडरवारा एवं वाहन चालक आसिफ पिता जलील खान, उम्र 34 वर्ष, निवासी शास्त्री वार्ड गाडरवारा इसी प्रकार डी.जे. संचालक दिनेश पिता बच्चू प्रसाद कौरव, उम्र 30 वर्ष, निवासी दिघौरी एवं वाहन चालक जालम पिता प्रकाश कुशवाहा, उम्र 28 वर्ष, निवासी ढुरसरू के कब्जे से पृथक-पृथक साउंड बाक्स, जनरेटर, बाक्स मशीन एवं पिकअप वाहन जप्त किए जाकर आरोपीगण के विरूद्ध थाना गाडरवारा में धारा 285 बी.एन.एस. एवं धारा 16 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।

उक्त में थाना प्रभारी गाडरवारा, निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में उप निरीक्षक उप निरीक्षक श्रीराम रधुवंशी, सहायक उप निरीक्षक राकेश दीक्षित, प्रधान आरक्षक परमानंद, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, राकेश झा, कमलेश, बालकृष्ण रघुवंशी, दिनेश पटैल, शिवम पटैल, प्रदीप गुप्ता, बसंत ठाकुर की भूमिका रही।

## सार-समाचार

### आरटीई के सत्यापन केंद्र का किया निरीक्षण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस विकासखंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम अंतर्गत सबसे छोटी कक्षा में निःशुल्क प्रवेशित बच्चों के प्रवेश हेतु संचालित आरटीई केंद्र का निरीक्षण आरपी चतुर्वेदी जिला परियोजना समन्वयक, समीर त्यागी एपीसी, भूपेश ठाकुर जन शिक्षा केंद्र प्राचार्य तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल द्वारा किया गया।

सत्यापनकर्ता टीम के प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा बताया गया कि आज निरीक्षण समय तक आरटीई अंतर्गत कुल 79 फॉर्म जनशिक्षा केंद्र को प्राप्त हुए हैं। तथा सभी 79 फॉर्म का सत्यापन किया जा चुका है। साथ ही आरटीई अंतर्गत सभी प्राप्त फार्मो की हार्ड कॉपी एवं अभिलेख को भी संधारित किया गया है। इस अवधि में सत्यापन केंद्र में गिरीश ताम्रकार, प्रीतम सिंह कीर, धीरज जसाठी, हेमंत पटेल भी उपस्थित रहे। साथ ही जिला परियोजना तथा एपीसी ने संयुक्त रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव तथा केएनबी विद्यालय गाडरवारा के सत्यापन केंद्रों का निरीक्षण भी किया। उल्लेखनीय है कि आरटीई अंतर्गत यह सत्यापन कार्य जिले के प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में 23 में तक सतत जारी रहेगा।

### बावई चीचली में 19 मई को आयोजित होगा युवा संगम कार्यक्रम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जिला स्तरीय स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नगर परिषद प्रांगण बावई चीचली में 19 मई 2025 को प्रातः 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण के पत्र जारी किये जायेंगे। विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। जिले की विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोक्ता, जिन्हें अपनी कम्पनी/ शोरूम एवं अन्य प्रतिष्ठित निजी संस्थाओं के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है, वे भी मेला स्थल पर अपना स्टॉल लगा सकते हैं और आवश्यकतानुसार चयन कर जिले के बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। यह जानकारी प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### बनवारी के स्कूल में डिजिटल कटेंट से अध्यापन की दी जानकारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस ग्राम बनवारी के शासकीय उमा विद्यालय में भोपाल से आए ट्रेनर शिव वाधवा एवं टेक्निकल शशि शर्मा द्वारा डिजिटल कन्टेंट को कक्षा में विषय वार विद्यार्थियों को समझाने के लिए स्मार्ट क्लास हाइब्रिड टीचिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

इस प्रक्रिया के उपयोग से हस्तलिखित डिजिटल कंटेंट बनाया जा सकता है। इससे स्मार्ट क्लास में प्राप्त इलेक्ट्रिव पैनल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इसमें पहले से दिए गए डिजिटल कंटेंट जिसमें वीडियो, पुस्तक अभ्यास के लिए पीडीएफ बच्चों के असीसमेंट की प्रक्रिया भी सिखाई गई एवं स्मार्ट कक्षा संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष श्रीवास,आनंद कुमार चौकसे ,आशीष कुमार शर्मा,लालजी प्रसाद कपाड़िया, अमन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग कार्यक्रम आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शिक्षार्थी और समाज शिक्षा की त्रिवेणी हैं। हम अपनी मेहनत से बच्चों की बोली, भाषा और संस्कार बदल सकते हैं। समाज के सहयोग से हमारे विद्यालय तीर्थ बन जाएंगे।उनमें ऊर्जा का संचार होगा और उनसे उठने वाली तरंगे हमें परिवर्तन की ओर ले जाएगीं।

यह उद्गार विगत दिनों मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अमरकंटक में आयोजित तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री



महेंद्र कपूर ने प्रदेश भर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ताओं में दायित्वो विषय पर संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर, महामंत्री राकेश गुप्ता, प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन द्वारा देवी सरस्वती,मां नर्मदा एवं लोकमाता अहिल्याबाई के चित्रों पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस अवसर पर शिक्षिका संगीता बेंडे द्वारा सरस्वती वंदना एवं दिनेश शर्मा द्वारा संगठन मंत्र प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष,संगठन मंत्री, प्रकोष्ठ एवं आयाम प्रमुखों को वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। मीडिया सत्र में प्रांतीय मीडिया प्रभारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने निचले स्तर तक संघ की गतिविधियों, उपलब्धियों की सूचना पहुंचाने में मीडिया की भूमिका, प्रभावी न्यूज़, नकली पत्रकारों की ब्लैकमेलिंग, मीडिया का सदुपयोग, व्हाट्सएप ग्रुप निर्माण आदि की जानकारियां दीं। सह प्रभारी रामचंद्र लोहार ने सोशल मीडिया एवं विकास चौहान ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उपयोग के बारे में बताया।

इसके अलावा राष्टीय आयाम प्रमुख गिरीश अग्निहोत्री ने मंत्रियों से वार्ता एवं पत्र व्यवहार कैसे करें विषय का प्रवर्तन किया। समापन सत्र में प्रांताध्यक्ष डॉक्टर क्षत्रवीर सिंह राठौर ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अभ्यास वर्ग में पूरे प्रदेश के 160 अपेक्षित कार्यकर्ताओं के साथ व्यवस्थापकों सहित लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया है।

सत्र के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन भी रखा गया। पूरे अभ्यास वर्ग का संचालन महामंत्री राकेश गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में शहडोल,अनूपपुर अमरकंटक एवं उमरिया के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। नरसिंहपुर से इस अभ्यास वर्ग में प्रांतीय मीडिया प्रभारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, प्रांतीय ऑडिटर उमाशंकर अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष नीरजा श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर,जिला सहसचिव कमलेश श्रीवास्तव एवं जिला संगठन मंत्री संतोष कौरव ने भाग लिया।

## युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ने फूंका मंत्री विजय शाह का पुतला

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी में मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में एनएसयूआई और युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और मंत्री शाह का पुतला फूंककर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन मे मंत्री विजय शाह के बयान की निंदा करते हुये उनके इस्तीफे की मांग की गई।



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अभिनव ढिमोले, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन, कांग्रेस नेता रविशेखर जायसवाल,युवा नेता राजदीप दुबे ने मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह के अशोभनीय बयान की निंदा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने अपने बयान में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिससे सेना और देश की वीर बेटी का अपमान हुआ है। इस बयान के बाद देश भर में आक्रोश है और कांग्रेस ने मोर्चा खोलकर विरोध प्रदर्शन कर रही है।

कांग्रेस ने विजय शाह के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि वह इस मामले में कार्रवाई से बच रही है और विजय शाह को बचाने की कोशिश कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तत्काल कैबिनेट मंत्री विजय शाह को मंत्री पद से अलग करें । युवा कांग्रेस के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन के दौरान यह भी कहा है कि जो मंत्री विजय शाह के चेहरे पर कालख पोतेगा उसे इनाम दिया जाएगा।

पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सुनील सोनी, बसंत तपा, ठाकुर शरद सिंह, मुकेश गुप्ता बंटू, अनिल साहू, अवधेश रूसिया, राजीव दुबे, मोनू पांडे, रवि उपाध्याय, युवा कांग्रेस के अभिषेक पटेल, साकेत नीखरा, शाश्वत राय, वीर मिर्धा, यस राय, निकेत पटेल, सौरव जैन , कौशिक क़ाबरा, बासु ढिमोले, विनायक द्विवेदी ,ध्रुव राडवे, गनेश शर्मा, पीयूष राजपूत, शुभम कौरव, आकाश कुशवाहा, दीपराज गुर्जर, आयुष चौकसे, संजय कौरव सहित अनेको कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। पुरानी गल्ला मंडी में कांग्रेस के युवा नेताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए विजय शाह मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 शुरू

**गाडरवारा, देशबन्धु।** महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 सेअप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के तहत बी काम इन रिटेल आपरेशन कोर्से की शुरुआत हो रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।




इस पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि छात्रों को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम आठ हजार रूपए प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीएस कौरव ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कोर्स महाविद्यालय के लिए एक महत्त्व पूर्ण उपलब्धि है। महाविद्यालय के इस प्रोग्राम के नोडल अधिकारी डा. सुनील शर्मा ने बतलाया कि वे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है,इस पाठ्यक्रम के लिए ई प्रवेश प्रक्रिया से आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए कोई अतिरिक्त फीस नहीं है बीकाम के सामान्य कोर्स के बराबर फीस निर्धारित की गई है। छात्र अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी प्रो. एन. पी. वर्मा एवं वाणीज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. आरके राजपूत से संपर्क किया जा सकते है।

## परिवार दिवस पर विशेष कार्यक्रम



### राज्य आनंद संस्थान का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंह आनंद क्लब नरसिंहपुर द्वारा विश्व परिवार दिवस मनाया गया। राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार इस आयोजन का उद्देश्य परिवार के महत्व को बढ़ावा देना और परिवार के सदस्यों के बीच प्यार और सहयोग को मजबूत करना है।

ग्राम चिनकी नर्मदा तट पर नरसिंह आनंद क्लब से मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय, यमुना विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र चंदेल, आनंदक सहयोगी सत्यम नेमा, आरती चौकसे, अमित नामदेव, शिवम नाथ की उपस्थिति में वरिष्ठ साहित्यकार शशिकांत मिश्र ने भारतीय संस्कृति में परिवार दिवस का महत्व और उपयोगिता पर अपने विचार रखे कि परिवार के साथ हर दिन एक उत्सव है और उत्सव में ही खुशियों को महसूस कर सकते हैं। मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय ने कहा कि परिवार दिवस का उद्देश्य परिवार के महत्व को बढ़ावा देना और परिवार के सदस्यों के बीच प्यार और सहयोग को मजबूत करना है। मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने परिवार के साथ समय बिताने के लिए आज हमें विशेष प्रयास करना पड़ रहे हैं।

बच्चें अपने दादा दादी और परिजनों के स्नेह से वंचित हो रहे है। मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र चंदेल के परिवार की एकता और उन्नति के लिए प्रस्तुत गीत को जन समुदाय द्वारा सराहा गया। परिवार दिवस पर आनन्दक सहयोगी सत्यम नेमा ने रोचक गतिविधि कराई कि हम आनंद की अनुभूति कर परिवार में आई कड़वाहटों को , तनाव को किस प्रकार दूर कर सकते है। एक क्षमा, एक मौन, एक अल्पविराम कैसे एक परिवार की उन्नति और खुशहाली में सहायक हो सकता है। उपस्थित जन समुदाय के एक साथ भोजन के विशेष आयोजन सहित खेल और मनोरंजन की गतिविधियों के साथ परिवार दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन में तिरंगा यात्रा का आयोजन नरसिंहपुर स्टेशन में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर किया गया । तिरंगा यात्रा नरसिंहपुर ए डी ई एन कार्यालय से निकाली गई। तिरंगा यात्रा में सभी अधिकारी मनोज कुमार,सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर , डॉ आर.आर कुर्रे ,स्टेशन प्रबंधक-सुनील जाट, उत्सव दीक्षित ,मुख्य कल्याण निरीक्षक,वरिष्ठ खंड अभियंता पी आर वर्मा , पंकज, सोनू, रमेश अन्य कर्मचारीगण , समस्त आरपीएफ कर्मी ने भाग लिया । जबलपुर मंडल में



नरसिंहपुर के अलावा कटनी, दमोह, सागर, सतना, रीवा,ब्यौहारी,खन्ना बंजारी, गाडरवारा एवम पिपरिया स्टेशन में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

